प्रादेशिक समाचार

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 22.08.2024 समय : 18.30 पीएम

00000

- पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कल देशभर में विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया जाएगा।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा–राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।
- राज्य में अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई और औचक निरीक्षण के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में सात दलों का गठन किया।
- प्रदेश में चल रहे '**पंचायत संग साथिन**' अभियान के तहत सरपंचों और साथिनों की दो दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला आज जयपुर में शुरू हुई।

00000

पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कल देशभर में विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। पिछले वर्ष 23 अगस्त को ही चंद्रयान–3 मिशन के विक्रम लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग हुई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के भारत मंडपम में मुख्य समारोह का उद्‌घाटन करेंगी। इस वर्ष का विषय है – चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूनाः भारत की अंतरिक्ष गाथा। प्रदेश में भी इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे। राज्य के स्कूलों में इस दौरान कार्यशालाएं, संगोष्ठियां और प्रदर्शनी आयोजित होंगी। "राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस" की पूर्व संध्या पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से जयपुर के जवाहर कला केंद्र में आयोजित तीन दिन की चित्र प्रदर्शन आज से शुरू हुई। प्रदर्शनी का उदघाटन जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि भारत 23 अगस्त को अपना पहला अन्तरिक्ष दिवस मनाने जा रहा है। यह दिवस पिछले वर्ष अन्तरिक्ष और वैमानिकी के क्षेत्र में हासिल कि गई एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण उपलब्धि का सम्मान करने का दिन है। उन्होने कहा कि यह प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है कि भारत अन्तरिक्ष के क्षेत्र में भी नए आयाम स्थापित कर रहा है।

इस अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो और पत्र सूचना कार्यालय जयपुर की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने कहा की राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस देश के अन्तरिक्ष अन्वेषण इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होने कहा की चित्र प्रदर्शनी में चंद्रयान 3 मिशन की सफलता के साथ ही अन्तरिक्ष प्रोद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं और उपलब्धियों तथा नवाचरों को प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह चित्र प्रदर्शनी युवा पीढ़ी को अन्तरिक्ष विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में प्रेरित करने और जोड़ने का कार्य करेगी। तीन दिन की प्रदर्शनी के माध्यम से ब्यूरो द्वारा अन्तरिक्ष विज्ञान और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को दर्शाने का अभिनव प्रयास किया गया है। केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से जोधपुर के एक स्कूल में इसी सिलसिले में संगोष्ठी आयोजित की गई।

00000

केन्द्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में पश्चिम–मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के चेयरमैन और उनके प्रायोजित बैंकों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों–सीईओ के साथ आज उदयपुर में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में बैंकिंग क्षेत्र में आ रही चुनौतियों से निपटने के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने को लेकर चर्चा की गई **और** बैंकों की पिछले वित्तीय वर्ष की वार्षिक कार्ययोजना **तथा** प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर केन्द्रीय वित्तमंत्री ने कहा कि बैंकिंग पहुंच बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के अधिकारी अपने स्थानीय संपर्को को मजबूत करें। उन्होंने सरकार की योजनाओं के माध्यम से आमजन को लाभ पहुचाने के लिए बैंक के सभी अधिकारियों से समन्वय से काम करने की अपील की।

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। श्री शर्मा आज जयपुर में एक निजी कंपनी की ओर से बनाये गये पहले हाइड्रोलिक प्लांट का उद्‌घाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाइड्रोलिक सिलेंडरों की जरूरत कई उद्योगों में पड़ती है और इसकी मांग आने वाले दिनों में और बढेगी। राज्य सरकार की ओर से उद्योगों के विकास की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों से रोजगार मिलता है, गरीबी कम होती है और लोगों का जीवन स्तर उंचा उठता है। श्री शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा निवेश बढाने पर जोर दे रही है। साथ ही प्रदेश को

एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित करने के प्रयास भी किये जा रहे हैं। इसके लिए जरूरी नीतियां भी बनाई जा रही हैं।

000000

प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट के उप चुनाव के लिए भरे गये नामांकन पत्रों की आज जांच की गई। जांच में दो प्रत्याशियों के पांच नामांकन पत्र सही पाये गये। एक प्रत्याशी के नामांकन पत्र को रद्द किया गया। पर्यवक्षक ओर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन की मौजूदगी में निर्वाचन अधिकारी महावीर प्रसाद शर्मा ने नामांकनों की उम्मीदवारों के निर्वाचन अभिकर्ताओं और अधिकृत व्यक्तियों के समक्ष बारीकी से जांच की। इस दौरान निर्दलीय बबीता वाधवानी का नामांकन पत्र रद्द किया गया। इस उप चुनाव के लिये उम्मीदवार 27 अगस्त को दोपहर 3.00 बजे तक अपने नामांकन वापस ले सकते हैं।

00000

राज्य में अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई और औचक निरीक्षण के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में सात दलों का गठन किया गया है। यह दल अवैध खनन गतिविधियों के साथ ही आरसीसी, ईआरसीसी ठेकों और वे–ब्रिजेज़ का भी औचक निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। खान निदेशक भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और औचक निरीक्षण के लिए गठित दलों में तकनीकी अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। साथ ही इन दलों को बॉर्डर होमगार्ड्स उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अवैध खनन के विरूद्ध जीरो टॉलरेन्स की नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दे रखे हैं। हाल ही लापरवाही और अनियमितता के चलते दो अधिकारियों और एक कर्मचारी को निलंबित किया गया है।

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में वैज्ञानिकों को वर्ष 2024 के राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कारों से सम्मानित किया। प्रोफेसर गोविंद राजन पदमनाभन को वर्ष 2024 के विज्ञान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कृषि विज्ञान के क्षेत्र में विज्ञान श्री सम्मान डॉ आनन्दरामकृष्णन को प्रदान किया गया। परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में यह सम्मान भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र मुम्बई के डॉ अवेश कुमार त्यागी को दिया गया। जीव विज्ञान के क्षेत्र में विज्ञान श्री सम्मान भारतीय विज्ञान शिक्षा अनुसंधान संस्थान पुणे के प्रोफेसर जयंत भालचंद्र उडगांवकर को दिया गया।

00000

बीकानेर के स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के खजूर अनुसंधान केंद्र में **इस बार** खजूर की अच्छी आवक हुई है। इस केंद्र पर खजूर की विभिन्न किस्मों के 1500 पेड़ हैं। खजूर की इन किस्मों में हलावी, मैजुल, शामरान, खुनीजी ताजे खजूर के लिए मशहूर है। खदरावी और जाहिदी किस्मे पिंड खजूरों के लिए जानी जाती हैं। अन्य किस्मों के खजूर अलग अलग स्वाद देने वाले होते हैं। खजूर अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. राजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि केंद्र में करीब 54 किस्मों के खजूर उपलब्ध हैं। खजूर के फल पोषक और स्वास्थ्यवर्धक होते हैं। खजूर के पूरे बाग का ठेका लेने वाले एक कारोबारी ने बताया कि इस बार अच्छी आवक होने से उन्हें करीब 7 लाख रूपये की आय हुई है।

00000

प्रदेश में चल रहे 'पंचायत संग साथिन' अभियान के अंतर्गत सरपंचों और साथिनों के लिए दो दिन की आमुखीकरण कार्यशाला आज जयपुर में शुरू हुई। पंचायती राज आयुक्त और शासन सचिव रवि जैन ने इस मौके पर कहा कि सरपंच और साथिन मिलकर काम करें जिससे ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के लक्ष्य को हांसिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा उनके सम्पूर्ण विकास में साथिन महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसीलिये आवश्यक है कि साथिनों को ग्राम पंचायतों में बैठने का स्थान मिले। इसके लिए पंचायती राज विभाग की ओर से ग्राम पंचायतों को जल्दी ही आदेश जारी कर पाबंद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायती राज विभाग और महिला बाल विकास विभाग द्वारा साथिनों के कैडर को मजबूत करने के लिए काम किया जाएगा। श्री जैन ने कहा कि साथिन हर महीने महिला शक्ति समूहों की बैठक आयोजित करें और इसकी रिपोर्ट भी नियमित रूप से भिजवाएं। महिला और बाल विकास विभाग के शासन सचिव डॉ. मोहनलाल यादव ने बताया कि साथिनों के प्रशिक्षण के लिए विभाग द्वारा मॉड्यूल तैयार कर लिया गया है। अगले महीने से उनके लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि साथिन महिला जागरूकता के लिये काम करने के साथ कुप्रथाओं को समाप्त करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम के लिये श्रोता अपने विचार और सुझाव

टोल फ्री नम्बर–1800 11 7800 पर भेज सकते हैं। श्रोता नरेन्द्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी अपनी बात साझा कर सकते हैं।

00000

दिल्ली पुलिस ने भिवाड़ी में कार्रवाई करते हुए 6 संदिग्ध लोगों को पकड़ा है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने राजस्थान पुलिस के सहयोग से चौपानकी थाना में इन संदिग्धों को पकड़ा है। यह कार्रवाई करीब 12 बजे हुई। जयपुर के पुलिस महानिरीक्षक अनिल कुमार टॉक ने इस कार्रवाई की पुष्टि की है।

000000

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में जयपुर स्थित ईडी कार्यालय के बाहर कांग्रेस पार्टी द्वारा धरना देकर विरोध–प्रदर्शन किया गया। विरोध–प्रदर्शन में कांग्रेस के सांसद और विधायक प्रदेश पदाधिकारियों के साथ ही कार्यकर्ता शामिल हुए। धरने को संबोधित करते हुए श्री डोटासरा ने सेबी पर अनियमितता करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान में भाजपा सरकार में जनता की सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता पानी, बिजली के लिए तरस रही है, अतिवृष्टि से लोग परेशान है और लोग अपने काम करवाने के लिए तरस रहे है।

00000